# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/3374
दिनांक : 02.02.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

**विषयः–** दिनांक 04 फरवरी, 2021 को चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के आयोजन अवसर पर वन्दे मातरम गायन के वीडियों अपलोडिग को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

कृपया शासन के संलग्न पत्र संख्या–275/चार–2021 दिनांक 31 जनवरी, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। जिसके द्वारा दिनांक 04 फरवरी, 2021 को चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के आयोजन अवसर पर वन्दे मातरम गायन के वीडियों अपलोडिग को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया है।

अतः उक्त के क्रम में शासन के पत्र के आलोक में मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा है कि आप शासन के संलग्न पत्र के आलोक में अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान में दिनांक 04 फरवरी, 2021 को चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के आयोजन अवसर पर वन्दे मातरम गायन के वीडियों अपलोडिग को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुये संस्कृत विभाग की ई–मेल आई0डी–**chaurichauragwr@gmail.com** पर आज दिनांक 02.02.2021 समय सांय 4:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः– यथोपरि।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. प्रभारी, वेबसाइट
04. प्रेस प्रवक्ता।

कुलसचिव

चौरी–चौरा शताब्दी समारोह
महत्वपूर्ण/समयबद्ध
संख्या–275/चार–2021

प्रेषक,

**मुकेश कुमार मेश्राम,**
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **अपर मुख्य सचिव,**
माध्यमिक शिक्षा/बेसिक शिक्षा/उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. **समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।**

**संस्कृति अनुभाग** **दिनांक 31 जनवरी, 2021**

**विषयः दिनांक 04 फरवरी, 2021 को चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के आयोजन अवसर पर वन्दे मातरम गायन के वीडियो अपलोडिंग को गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–265/चार–2021, दिनांक 30 जनवरी, 2021 (छायाप्रति संलग्न) तथा उपरोक्त विषयक अधोहस्ताक्षरी के पूर्व पत्र सं0–246/चार–2021, दिनांक 28 जनवरी, 2021 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जनसहभागिता हेतु संपूर्ण प्रदेश में दिनांक 04 फरवरी, 2021 के प्रातः 10:00 बजे वंदेमातरम का समवेत गायन होगा। इसी क्रम में चौरी चौरा एवं स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को नमन करने हेतु **'सैल्यूट मुद्रा में वन्दे मातरम् के प्रथम छन्द'** गायन का व्यक्तिगत वीडियो ऑनलाइन/वेबसाइट पर अपलोड कर गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में सम्मिलित कराये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त के कम में निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही अपेक्षित हैः–

1. गायन एवं वीडियो अपलोड हेतु प्रत्येक जनपद में कम्प्यूटर सहित इण्टरनेट सुविधायुक्त विद्यालयों/महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों/अन्य उपयुक्त स्थलों को केन्द्र घोषित करते हुए एक नोडल अधिकारी नियुक्त कर उनका नाम एवं मोबाईल नम्बर तथा गायन हेतु चयनित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सूची संस्कृति विभाग को ईमेल–chaurichauragwr@gmail.com पर 02 फरवरी, 2021 सायं 04:00 बजे तक अवश्य प्रेषित कर दी जाये। केन्द्र पर पर्याप्त संख्या में तकनीकी कर्मचारी भी उपलब्ध रहें।
2. दिनांक 02 फरवरी, 2021 को प्रत्येक केन्द्र पर पूर्वाभ्यास/रिहर्सल कराने एवं दिनांक 03 फरवरी, 2021 प्रातः 10.00 बजे से 04 फरवरी, 2021 मध्यान्ह 12.00 बजे तक वन्दे मातरम् गायन का वीडियो अपलोड कराने का कार्य समयबद्ध कराया जाए। वीडियो अपलोड करने हेतु दिनांक 03 फरवरी, 2021 को प्रातः 09.00 बजे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा

वेबसाइट/लिंक उपलब्ध कराई जायेगी। इसकी सूचना शीघ्र ई–मेल/व्हाट्सअप ग्रुप/सोशल मीडिया/विज्ञापन द्वारा दी जायेगी।

3. प्रत्येक वीडियो में केवल एक ही प्रतिभागी सस्वर वन्दे मातरम के प्रथन छन्द–

**"वन्देमातरम्, वन्देमातरम्,**
**सुजलाम्, सुफलाम्, मलयजशीतलाम्,**
**शस्यशामलाम् मातरम्,**
**वन्दे मातरम्, वन्दे मातरम् "**

का गायन सैल्यूट मुद्रा में करते हुए वीडियो बनायेगा जिसकी न्यूनतम अवधि 20 सेकेण्ड होगी। सम्पूर्ण अवधि में प्रतिभागी की स्पष्ट सैल्यूट मुद्रा आवश्यक है। ऐसा न होने पर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जायेगी। अतएव **केन्द्र के नोडल अधिकारी इसका विशेष ध्यान रखें कि वीडियो के आरम्भ से अंत तक प्रतिभागी सैल्यूट मुद्रा में ही गायन करें।** सैम्पल वीडियो ईमेल के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है तथा पर्यटन विभाग की वेबसाइट www.uptourism.gov.in एवं संस्कृति विभाग की वेबसाइट upculture.up.nic.in पर भी उपलब्ध है।

4. यह भी ध्यान रखा जाये कि प्रत्येक शब्द अथवा अक्षर का उच्चारण त्रुटिहीन हो तथा बाधित न हो।

5. इस अभियान में कोई भी नागरिक अपने घर, कार्यालय, पार्क, स्कूल कॉलेज, खेत आदि के गरिमायुक्त बैकग्राउण्ड में सैल्यूट की मुद्रा में वंदे मातरम् गायन एवं वीडियों निर्माण कर प्रतिभाग कर सकता है परन्तु प्रतिभाग की शर्तें यथावत् रहेंगीं। **एक वीडियो में एक ही प्रतिभागी गायन करेगा तथा वीडियो प्रथम बार अपलोड किये जाने पर ही प्रविष्टि मान्य होगी, पुनरावृत्ति किये जाने पर प्रविष्टि स्वीकार नहीं होगी।**

6. नोडल अधिकारियों का एक वाट्सएप समूह बना लिया जाये। जिससे आवश्यक सूचनाओं एवं निर्देशों का आदान–प्रदान सुगमता से किया जा सके। सैम्पल वीडियो तथा अपलोडिंग हेतु वेबसाइट एड्रेस/लिंक इसी वाट्सएप समूह में भी प्रेषित किया जायेगा।

7. संस्कृति विभाग उ0प्र0 से इस कार्य हेतु श्री अमित कुमार अग्निहोत्री, सहायक निदेशक (मो0नं0–9451989884) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

भवदीय,

संलग्नक : यथोपरि।

31/01/2021

**(मुकेश कुमार मेश्राम)**
प्रमुख सचिव

**संख्या–275/चार–2021, तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि–** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. **महानिदेशक,** पर्यटन महानिदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
2. **कुल सचिव,** समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

31/01/2021

**(मुकेश कुमार मेश्राम)**
प्रमुख सचिव

शीर्ष प्राथमिकता

संख्या: 265 / चार–2021

प्रेषक,

**राजेन्द्र कुमार तिवारी,**
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव / सचिव,**
समस्त विभाग,
उ0प्र0शासन।
2. **समस्त मण्डलायुक्त,**
उत्तर प्रदेश।
3. **समस्त जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

संस्कृति अनुभाग | दिनांक: 30 जनवरी, 2021

**विषय: दिनांक 04 फरवरी, 2021 से 04 फरवरी, 2022 की अवधि में 'चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव' के आयोजन के सम्बंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बंध में अवगत कराना है कि दिनाक 04 फरवरी, 2021 से 04 फरवरी, 2022 की अवधि में **'चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव'** का आयोजन पूरे प्रदेश में किये जाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश के समस्त जनपदों में उपर्युक्त आयोजन के संबंध में कृपया अधोलिखित निर्देशो के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें–

1. **'चौरी–चौरा शताब्दी महोत्सव,'** की राज्य स्तरीय आयोजन समिति द्वारा अनुमोदित तथा लोकार्पित प्रतीक चिन्ह (**Logo**) का प्रयोग समस्त सरकारी पत्राचारो, प्रकाशनों, स्टेशनरी एवं वर्ष भर आयोजित होने वाले समस्त आयोजनों में अनिवार्य रूप से किया जाये (प्रतीक चिन्ह संलग्न)।

2. दिनांक 04 फरवरी, 2021 को सम्पूर्ण प्रदेश में विभिन्न ग्रामो / विद्यालयों / स्थलों से प्रातः 08.30 बजे से प्रभातफेरी प्रारम्भ कर चौरी–चौरा(गोरखपुर) सहित अपने जनपदो में स्थित समस्त प्रमुख शहीद स्मारक स्थलों पर प्रातः 10.00 बजे तक पहुँचेगी। इस प्रभातफेरी मे एन0एस0एस0, एन0सी0सी0, सिविल डिफेन्स, स्काउट गाइड, समाजसेवी / स्वयंसेवी संस्थाओं आदि के वालेण्टियर्स को सम्मिलित किया जाये, जिन्हें प्रभात फेरी के स्लोगन पूर्व मे ही उपलब्ध करा दिये जाये तथा उसका अभ्यास करा दिया जाये। प्रभात फेरी मे चलने वाले बैनर भी पूर्व में तैयार करा लिये जाये। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के उल्लेखनीय कथनों को प्ले कार्ड के रूप मे बनाकर पूर्व मे ही वालेण्टियर्स को उपलब्ध करा दिये जाये। स्मारक स्थल पर बैठक व्यवस्था अत्यन्त सुरूचिपूर्ण ढंग से की जाये तथा उतने ही बच्चों को प्रतिभाग करने हेतु आमंत्रित किया जाये जितनी बैठने की व्यवस्था की जा सके। कार्यक्रम स्थल पर बच्चों हेतु पानी तथा जलपान का प्रबन्ध किया जाये तथा कोविड–19 के अनुपालन हेतु जारी शासनादेशों के अनुपालन हेतु किसी उत्तरदायी अधिकारी को नोडल अधिकारी भी नामित करते हुए मास्क एवं सेनिटाइजर की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा मे की जाये।

3. पूर्वान्ह 10.00 बजे वन्दे मातरम् का गायन चौरी–चौरा(गोरखपुर) सहित प्रदेश के सभी स्वतंत्रता संग्राम स्थलो / शहीद स्मारकों, शैक्षणिक संस्थानो मे समवेत् रूप में विद्यार्थियों, कलाकारों, आमजनों द्वारा किया जायेगा। इसकी पर्याप्त रिहर्सल भी पूर्व में ही करा ली जाय।

4. पूर्वान्ह 10.15 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो एव शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जायेगा।

5. दिनांक 04 फरवरी, 2021 को चौरी–चौरा स्मारक स्थल तथा प्रदेश के सभी जनपदो मे स्वतंत्रता संग्राम स्थलों, शहीद स्मारको, शैक्षणिक संस्थानो तथा अन्य स्थलों पर पर सायं 5.30–6.00 बजे तक पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन बजायी जायेगी। सायं 6.30 बजे से दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम किया जायेगा।

6. समस्त शहीद स्मारकों पर माननीय मंत्रीगण, माननीय सांसदगण, माननीय विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधि एवं शहीदो / स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजन को इस अवसर पर प्रातः 09.30 बजे उपस्थित रहने हेतु आमंत्रित कर लिया जाय।

7. पूर्वान्ह 11.00 बजे माननीय प्रधानमंत्री जी चौरी–चौरा शताब्दी समारोह का शुभारम्भ करेंगे। इसके अन्तर्गत चौरी–चौरा थीम साग' पर प्रस्तुति, चौरी–चौरा पर आधारित डाक टिकट का विमोचन, मा0 मुख्यमंत्री जी का उद्बोधन एवं मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्चुअल माध्यम से आशीर्वचन दिया जायेगा। **समस्त जनपदों के शहीद स्थलों एवं शैक्षणिक संस्थानों पर इसके सजीव प्रसारण की व्यवस्था की जायेगी।** इसके लिए सूचना विभाग द्वारा समुचित तैयारियां की जायेगी।

8. चौरी–चौरा शताब्दी समारोह के पूर्व प्रदेशभर मे स्वच्छता को एक अभियान के रूप मे संचालित किया जाये। समस्त नगरीय क्षेत्रों मे नगर विकास विभाग द्वारा तथा समस्त ग्रामीण क्षेत्रों मे ग्राम विकास एवं पंचायती राज विभाग के सहयोग से जिला प्रशासन से समन्वय करते हुए दिनांक 01 फरवरी से 03 फरवरी, 2021 तक सभी महत्वपूर्ण शहीद स्मारकों, शहीद स्थलों की साफ–सफाई, रगाई–पुताई की जाये तथा जहाँ तक सम्भव हो सके शहीदों की नाम पटि्टका तथा स्मारक आदि के सामने साइन बोर्ड भी लगाये जायें।

9. सभी जनपदों के महत्वपूर्ण शहीद स्मारकों, शहीद स्थलो, शहीद ग्रामो मे सम्बंधित घटना तथा सम्बंधित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों पर आधारित गोष्ठियां एवं कवि सम्मेलन आदि कराये जायें। कवि सम्मेलनों में स्थानीय कवियों को अवश्य आमंत्रित किया जाय।

10. चौरी–चौरा शताब्दी समारोह कैलेण्डर द्वारा वर्ष भर स्वतत्रता संग्राम तथा देशभक्ति पर आधारित महत्वपूर्ण तिथियों पर कार्यक्रमों का निर्धारण किया जाये। जिस स्थल अथवा जिस जनपद मे उक्त से सबंधित महत्वपूर्ण घटना अथवा तिथि हो वहाँ मुख्य कार्यक्रम किये जायें जिसमे बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा, कृषि शिक्षा सहित अन्य सभी सम्बंधित विभाग आपसी समन्वय से उद्देश्यपरक आयोजन करें। प्रदेश के सभी जनपदों के शहीद स्थलों, स्मारकों पर गृह विभाग द्वारा पुष्पांजलि तथा राष्ट्रधुन वादन आदि के कार्यक्रम भी किये जायें।

11. वर्ष 1857–1947 तक की अनेक घटनाए जनश्रुतियों तथा वाचिक परम्परा में विद्यमान हैं जिन पर विशिष्ट शोध कार्य की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा विभाग ऐसे अन्वेषक शोधार्थियों को चयनित कर समस्त ज्ञात व अज्ञात शहीदों तथा घटनाओं पर शोध कार्य कराये तथा वाचिक परम्परा के माध्यम से प्रचलित घटनाओं को लेखनीबद्ध किया जाये।

12. शिक्षा से जुड़े विभागो द्वारा स्वतत्रता संग्राम पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी हेतु विशेष प्रयास किये जायें। सरकारी विभागो के साथ–साथ विश्वविद्यालयो, महाविद्यालयों, निजी प्रकाशको के माध्यम से भी पुस्तक प्रदर्शनी एवं बिक्री के कार्य किये जायें।

13. चौरी–चौरा की घटना तथा अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं से सबंधित अभिलेखो का डिजिटल संस्करण सूचना, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा तैयार कराया जाये।

14. उत्कृष्ट एव आधुनिक तकनीक पर आधारित ध्वनि–प्रकाश कार्यक्रम प्रदेश के महत्वपूर्ण शहीद स्मारकों / स्थलों मे पर्यटन विभाग द्वारा संचालित किये जाने के प्रयास किये जायें।

15. विद्यार्थियो के मध्य प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी स्वतन्त्रता संग्राम पर आधारित विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किये जायें। जनपद स्तर पर, मण्डल स्तर पर एवं राज्य स्तर पर ऐसी प्रतियोगिताएं योजनाबद्ध रूप से संचालित की जायें। सभी शैक्षणिक संस्थाएं, संस्कृति, पर्यटन, सूचना एवं भाषा विभाग ऐसी योजनाओं की कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत करें। शैक्षणिक संस्थाओं के विद्यार्थियों हेतु दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये।

16. **चौरी–चौरा शताब्दी समारोह की कार्ययोजना बनाये जाने हेतु जनपद स्तर में स्थित महत्वपूर्ण शहीद स्थल, स्वतंत्रता संग्राम स्थल/स्वतंत्रता संग्राम स्मारक तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों की जानकारी दिनांक 01.02.2021 को अपरान्ह 03.00 बजे तक निर्धारित प्रारूप पर सम्बंधित जनपद के जिलाधिकारियों द्वारा संस्कृति विभाग के ईमेल- chaurichaura2021@gmail.com पर प्रेषित की जाये।** सभी जिलाधिकारियों द्वारा अपने जिले का स्वतंत्रता संग्राम कैलेण्डर महत्वपूर्ण तिथियों के आधार पर बनाया जाये जिसे संस्कृति विभाग द्वारा वार्षिक कैलेण्डर के रूप में बनाकर पूरे वर्ष आयोजन संचालित किये जाने का कार्य कराया जाये।

17. गोरखपुर में स्वतन्त्रता संग्राम स्थलों–शहीद बन्धु सिंह स्मारक, गोरखपुर जेल, डोहरिया कला में भी 04 फरवरी, 2021 को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। चौरी–चौरा में दिनांक 04 एवं 05 फरवरी, 2021 को कार्यक्रम किये जायें। प0 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय व अन्य विश्वविद्यालयों के ललित कला संकाय तथा ललित कला अकादमी द्वारा विद्यार्थियों एवं कलाकारों की चित्रकला प्रतियोगिता/शिविर का आयोजन किया जाये। विजयी कलाकारों एवं विद्यार्थियों को दिनांक 05 फरवरी, 2021 को सम्मानित किया जाये। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के ललित कला संकायों तथा संस्कृति विभाग, उ0प्र0 के ललित कला अकादमी द्वारा बृहद कैनवास पर स्वतंत्रता संग्राम की घटनाओं एवं शहीद गाथाओं पर आधारित वर्ष 1857 से अब तक की स्वाधीनता गौरव गाथा का विशद चित्रांकन किया जाये।

18. किये गये कार्यक्रम के विवरण, चित्र व वीडियो संस्कृति विभाग के ईमेल– chaurichaura2021@gmail.com तथा वेबसाइट upculture.up.nic.in पर भी समय–समय पर संकलन हेतु प्रेषित किये जायें।

2– उक्त सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया दिये जा रहे निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए, प्रस्तावित आयोजन/कार्यक्रम को पूर्ण सफल बनाने का कष्ट करें।
संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,
30.01.21
( राजेन्द्र कुमार तिवारी )
मुख्य सचिव।

संख्या: 265 / चार–2021, तद्दिनाक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0।
2– अपर मुख्य सचिव, सूचना, उ0प्र0 शासन।
3– पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
4– समस्त विभागाध्यक्ष (महानिदेशक / आयुक्त / निदेशक), उ0प्र0।
5– समस्त कुलसचिव, राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

30/01/2021

( मुकेश कुमार मेश्राम )
प्रमुख सचिव।

प्रारूप–एक

(सूचना प्रेषण की अन्तिम तिथि 01 फरवरी, 2021 तक)

## शहीद स्मारकों / शहीद ग्रामों का विवरण

| क्रमांक | जनपद का नाम | विकास खण्ड का नाम | शहीद स्मारक स्थल / शहीद ग्राम का नाम | पूर्ण पता (ग्राम / नगर निकाय) | संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |

प्रारूप–दो

(सूचना प्रेषण की अन्तिम तिथि 15 फरवरी, 2021 तक)

'चौरी–चौरा शताब्दी समारोह' तथा 15 अगस्त, 2021 से आजादी की 75वीं वर्षगांठ के आयोजन के संदर्भ में कार्ययोजना बनाये जाने हेतु जनपद स्तर पर शहीद शिल्पग्राम/शहीद स्थल/शहीद स्मारक के साथ अमर शहीदों, भारत–पाकिस्तान एवं कारगिल युद्ध के अमर शहीदों हेतु जानकारी उपलब्ध कराये जाने हेतु प्रारूप

(अ) शहीद स्मारक, शहीद स्थल, शहीद ग्राम का विवरण–

| क0सं0 | शहीद स्मारक का नाम एवं संक्षिप्त विवरण (फोटो सहित)। | शहीद स्थल की घटना का विवरण, यदि कोई स्मारक बनाया गया हो उसका विवरण एवं घटना के सम्बंध में प्रमाणिक साक्ष्य, प्रकाशित/अप्रकाशित/जनश्रुति/लोकगीत/लोकगायन के संदर्भ। | शहीद ग्राम का पूरा पता, शहीद के सम्बंध में जानकारी संक्षिप्त में फोटो सहित, शहीद ग्राम के सौन्दर्यीकरण कराये जाने हेतु संक्षिप्त प्रस्ताव। |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |

(ब) अमर शहीदों के सम्बंध में विवरण–

| क0सं0 | 1857–1947 तक के अमर शहीदों का संक्षिप्त विवरण, फोटो सहित, प्रकाशित/ अप्रकाशित सामग्री में शहीदों का जीवन परिचय एवं परिवारजनों के सम्बंध में जानकारी। | 1947 से अब तक के अमर शहीदों का संक्षिप्त विवरण, फोटो सहित। भारतीय सेना द्वारा दिये गये पदक/सम्मान/पुरस्कार आदि का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

(स) गुमनाम स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, स्वतंत्रता आन्दोलन की घटनाओं का विवरण–

| क0सं0 | वाचिक परम्परा, जनश्रुतियों आदि में ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का विवरण, जिन्होंने तत्कालीन सरकार से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की उपाधि नहीं प्राप्त की है। | जनपद की ऐसी घटनाएं जो जनश्रुति वाचिक परम्परा में तो बहुत अधिक चर्चित हुई तथा जिनका वर्णन आज भी किया जाता है परन्तु अभिलेखीय साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

(द) जनपद का स्वतंत्रता आन्दोलन का कैलेण्डर–

| क0सं0 | अत्यन्त महत्वपूर्ण घटना, स्थल, घटना की तिथि, स्थान एवं समय तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का जन्मदिन अथवा शहीद दिवस। | जनपद हेतु 04 फरवरी, 2021 से 04 फरवरी, 2022 तक आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों का विवरण। |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |

संख्या 246 /चार–2021

प्रेषक,

**मुकेश कुमार मेश्राम,**
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **उपकुलपति,**
पं0 दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,
गोरखपुर।
2. **अपर मुख्य सचिव,**
माध्यमिक शिक्षा विभाग,
उ0प्र0शासन।
3. **मण्डलायुक्त,**
गोरखपुर मण्डल।
4. **जिलाधिकारी,**
गोरखपुर।

**संस्कृति अनुभाग, उ0प्र0** दिनांकः 28 जनवरी, 2021

**विषयः दिनांक 04 फरवरी, 2021 को 'चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव' के आयोजन अवसर पर 'वन्दे मातरम्' गायन को गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराये जाने के सम्बंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 'चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव' के व्यापक प्रचार–प्रसार एवं जनसहभागिता हेतु 'वन्दे मातरम्' गायन को ऑनलाइन माध्यम से गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बंध में गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड विषयक प्रस्ताव/नियमों की प्रतिलिपि सुलभ संदर्भ हेतु संलग्न की जा रही है। इस हेतु निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही अपेक्षित हैः–

1. गायन हेतु केन्द्र का नामांकन करते हुए प्रत्येक केन्द्र में एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए मोबाइल नम्बर सहित जानकारी।
2. प्रत्येक केन्द्र पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का चिन्हांकन करते हुए उसकी सूची।
3. दिनांक 01 फरवरी एवं 02 फरवरी, 2021 को प्रत्येक केन्द्र पर पूर्वाभ्यास/रिहर्सल कराते हुए उसकी वीडियो।
4. गायन में केवल **'वन्दे मातरम्'** शब्द का प्रयोग एक बार में एक प्रतिभागी द्वारा गाया जायेगा। शर्त और नियम यह है कि यदि किसी भी शब्द अथवा अक्षर का उच्चारण बाधित होता है तो पूरी प्रविष्टि निरस्त हो जायेगी, अतएव प्रशिक्षण दिये जाने में यह विशेष ध्यान रखा जाये इसलिए समरूपता की दृष्टि से केवल 'वन्दे मातरम्' शब्द का प्रयोग ही प्रत्येक प्रतिभागी द्वारा पृथक–पृथक किया जाये।
5. दिनांक 02 फरवरी, 2021 को अपरान्ह 12.00 बजे से प्रारम्भ होकर दिनांक 03 फरवरी, 2021 को मध्यान्ह 12.00 बजे तक सम्पूर्ण प्रविष्टि अपलोड कर निर्धारित वेबसाइट पर प्रेषित कर दी जाये जिससे दिनांक 04 फरवरी, 2021 को रिकार्ड की घोषणा सम्भव हो सके।

प्रेषित कर दी जाये जिससे दिनांक 04 फरवरी, 2021 को रिकार्ड की घोषणा सम्भव हो सके।

6. प्रत्येक केन्द्र पर इन्टरनेट की व्यवस्था पूर्व में निर्धारित कर दी जाये तथा पर्याप्त संख्या में तकनीकी कर्मचारी उपलब्ध रहें। गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा समय पर लिंक उपलब्ध करायी जायेगी।
7. संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 से इस कार्य हेतु श्री अमित कुमार अग्निहोत्री, सहायक निदेशक (मो0नं0–9451989884) को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।
8. पूर्व में 20,000 ऑनलाइन वीडियो का रिकार्ड स्थापित है जिसे तोड़ने के लिए 50,000 ऑनलाइन वीडियो का लक्ष्य निर्धारित किया जाये।

आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त के सम्बंध में कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

28/01/2021

**( मुकेश कुमार मेश्राम )**
प्रमुख सचिव

**पृ0सं0 / चार–2021, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ
2. श्री निश्चल बरोट, सलाहकार, गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड।
3. श्री अमित कुमार अग्निहोत्री, सहायक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।

आज्ञा से,

**( शिशिर )**
विशेष सचिव